जय माता की | By Mukesh Bagda |

जय माता की जय माता की
भक्तों तुम कहते चलो
नवरात्र आए महारानी के
मैय्या के दर पे चलो

मैय्या तेरा करने को श्रृंगार
हम तेरे दर आएंगे
लाल चुनर मैय्या तारों जड़ी
तेरे लिए लाएंगे
जयकारे बोल तेरे नाम के
सब मिलकर हम गायेंगे

जय माता की जय माता की
भक्तों तुम कहते चलो
नवरात्र आए महारानी के
मैय्या के दर पे चलो

हर घर में मैय्या की ज्योत जगी
महारानी घर आई है
दामन में खुशियाँ संजो के बहुत
आई महा माई है
चारों दिशाओं से चारों पहर
आवाज़ ये आई है

जय माता की जय माता की
भक्तों तुम कहते चलो
नवरात्र आए महारानी के
मैय्या के दर पे चलो

दर्शन करने आए हैं हम
मैय्या तेरे दरबार
विनती हमारी सुन लेना
हमको भी माँ देना प्यार
मैय्या तेरा नाम गुंजे है सब
बोले सारा संसार

जय माता की जय माता की
भक्तों तुम कहते चलो
नवरात्र आए महारानी के
मैय्या के दर पे चलो

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%80-by-mukesh-bagda/